प्रादेिशक समाचार
दिनांक–05.07.2024 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2023–24 में रक्षा उत्पाद के मूल्य में अब तक की सबसे अधिक वृद्धि हासिल करने के लिए देश की सराहना की है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने इसे बहुत ही उत्साहजनक बताया। उन्होंने इस उपलब्धि में योगदान देने वाले सभी लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सरकार क्षमताओं को और अधिक बढ़ाने और देश को एक अग्रणी वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इससे देश का सुरक्षा तंत्र मजबूत होगा और भारत आत्मनिर्भर बनेगा।

****

हजारीबाग के इचाक आजीविका और उद्यम विकास कार्यक्रम के तहत भारतीय जन जागृति केंद्र से प्रशिक्षित 90 महिलाओं का सम्मान सह प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त नैंसी सहाय ने किया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान खिलौना और बैग सहित सजावटी वस्तुओं का निर्माण सिखाया गया है ताकि सभी सशक्त और आत्मनिर्भर बने।

****

स्वास्थ्य विभाग ने राज्य के जिला अस्पतालों में सुविधाएं बेहतर करने को लेकर तैयारी शुरु कर दी है। मरीजों को अस्पताल के अंदर ही सारी सुविधा मिले इसके लिए आउटसोर्स पर स्टाफ रखे जा रहे है। विभाग ने आउटसोर्स पर काम कर रहे लोगों के लिए एक सौ चौवालिस करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। वहीं जिलों में जरूरत के हिसाब से राशि का आवंटन कर दिया गया है।

****

जामताड़ा जिले के सभी सरकारी विद्यालयों के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग के अष्टम वर्ग में पढ़ने वाले छात्र–छात्राओं को निःशुल्क साइकिल उपलब्ध करायी जा रही है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता––

सांउड बाईट – सुभाश प्रसाद सिंह, जामताड़ा – 49 सेकेंड

****

लोहरदगा के किस्को प्रखंड में आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम अंतर्गत आगामी तीन माह तक चलनेवाले संपूर्णता अभियान का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम से पूर्व कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओ द्वारा प्रभात फेरी निकाल कर लोगों को स्वास्थ्य, शिक्षा और विभिन्न इंडिकेटर पर जागरूक किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरकार के वरीय विशेषज्ञ डॉ बनुश्री वेल पांडियन शामिल हुईं। उन्होने कहा कि प्रशासन और जनता के सहयोग से ही आकांक्षी कार्यक्रम को सफल बनाया जा सकता है।

****

पंजाब पुलिस की टीम ने गुमला पुलिस की सहायता से कल देर रात अफीम के अवैध तस्कर को गिरफ्तार किया है। इस मामले को लेकर पंजाब पुलिस के अधिकारी ने बताया कि पंजाब में अफीम के अवैध कारोबार से जुड़े एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया था जिसकी निशानदेही पर गुमला से कमल सिंह को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी कमल सिंह ने पंजाब से 66 किलो अफीम खरीदा था। वहीं गुमला पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने बताया कि पंजाब पुलिस ने गुमला पुलिस के सहयोग से शहर से सटे बाईपास रोड में स्थित एक होटल के मालिक कमल सिंह को अफ़ीम के कारोबार में संलिप्त पाए जाने के बाद गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी पहले भी नशे के कारोबार में जेल जा चुका है।

****

मौसम केन्द्र राँची ने राज्य के चतरा, हजारीबाग और देवघर जिले के कुछ भागों में अगले दो से तीन घंटे में हल्के और मध्यम दर्जे के मेघ गर्जन के साथ बारिष और वज्रपात का पूर्वानुमान जताया है। मौसम केन्द्र ने इसको लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया है।

****

भारतीय महिला क्रिकेट टीम दक्षिण अफ्रीका के साथ तीन ट्वेन्टी–ट्वेन्टी अंतर्राष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला का पहला मुकाबला आज खेलेगी। यह मैच शाम सात बजे से चेन्नई के एम.ए. चिदम्बवरम स्टेडियम में खेला जाएगा। हरमन प्रीत कौर की कप्तानी में भारत ने इससे पहले तीन एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया था और एक मात्र टेस्ट मैच में 10 विकेट से जीत हासिल की थी।

*******समाप्त*******